कूलर कांड

चोर ले गए या 'अपनों' ने ही कर दिया पार?, क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म

# नगर परिषद की नाक के नीचे से 20 कूलर लापता




**मझौली, नवभारत संवाददाता।** तपती और चिलचिलाती गर्मी में जहां मझौली की जनता बूंद-बूंद पानी और थोड़ी सी ठंडी हवा के लिए तरस रही है, वहीं नगर परिषद मझौली के गलियारों से एक ऐसा 'सनसनीखेज' मामला सामने आया है जिसने पूरे प्रशासनिक महकमे की चूलें हिला दी हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर परिषद कार्यालय के ठीक नाक के नीचे स्थित बिहारी लाल मार्केट बाजार प्लांट से रातों-रात एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 20 सरकारी कूलर रहस्यमयी तरीके से गायब हो गए हैं। इस घटना के बाद से नगर परिषद में हड़कंप मचा हुआ है और जिम्मेदार अधिकारी कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

### ऑपरेशन कूलर, बिना पिकअप के संभव नहीं!

सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार, ये सभी कूलर सरकारी कस्टडी में बिहारी लाल मार्केट बाजार प्लांट परिसर में सुरक्षित रखे हुए थे। नगर परिषद कार्यालय से इस जगह की दूरी इतनी कम है कि वहां से खांसने की आवाज भी दफ्तर तक पहुंच जाए। इसके बावजूद चोरों ने इतनी सफाई से हाथ साफ किया कि किसी को कानों-कान भनक तक नहीं लगी।

### लीपापोती की कोशिशें शुरू, जनता मांग रही जवाब

अंदरखाने से खबर है कि मामला मीडिया में आने के बाद से ही आला अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि इस पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डालने, कागजी हेरफेर करने और मामले पर मिट्टी डालने (लीपापोती) की कवायदें भी तेज हो चुकी हैं। लेकिन इस बार मझौली की जागरूक जनता चुप बैठने के मूड में नहीं है। जनता इस 'कूलर कांड' के पीछे के असली मास्टरमाइंड को बेनकाब देखना चाहती है।

### क्या कर रहे थे सुरक्षाकर्मी

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब शहर की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली नगर परिषद के अपने ही परिसर के पास इतनी बड़ी हलचल हो रही थी, तब वहां तैनात सुरक्षाकर्मी और चौकीदार क्या 'कुंभकर्णी' नींद सो रहे थे? या फिर जानबूझकर आंखें मूंद ली गई थीं? क्या ये कूलर वाकई चोरी हुए हैं, या फिर इन्हें कागजों में ही 'ठंडी हवा' दिखाकर कहीं और खपा दिया गया है? क्या हर बार की तरह इस बार भी किसी छोटे कर्मचारी को 'बलि का बकरा' बनाकर असली मगरमच्छों को बचा लिया जाएगा?

### बड़ा सवाल : अब आगे क्या?

अब देखना यह होगा कि इस तगड़ी सेंधमारी और प्रशासनिक विफलता पर नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) और आला अफसर क्या सफाई देते हैं? क्या इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस में एफआरआई दर्ज कराई जाएगी, या फिर सरकारी माल को 'अंधेर नगरी चौपट राजा' की तर्ज पर लावारिस छोड़ दिया जाएगा? इस मामले को लेकर मझौली की जनता की नजरें अब पुलिसिया कार्रवाई और परिषद के अगले कदम पर टिकी हैं!

### घटना के मुख्य बिन्दु

- 20 भारी-भरकम कूलर कोई जेब में रखकर या पैदल लेकर नहीं भाग सकता।
- इन्हें ले जाने के लिए निश्चित रूप से किसी पिकअप, छोटा हाथी या बड़े मालवाहक वाहन का इस्तेमाल किया गया होगा।
- कूलर लोड करने में कम से कम 4 से 5 लोगों को अच्छा-खासा समय लगा होगा।

### चोरी या 'भीतरघात' चर्चाओं का बाजार गर्म

इस महा-चोरी के बाद से मझौली के चौक-चौराहों और चाय की टपरों पर सिर्फ इसी 'कूलर कांड' की चर्चा हो रही है। आम जनता दबी जुबान में इसे साधारण चोरी मानने से साफ इनकार कर रही है। लोगों का सीधा आरोप है कि बिना किसी विभागीय सांठगांठ या 'अंदरूनी सेटिंग' के इतने बड़े कबाड़े को अंजाम देना किसी बाहरी चोर के बूते की बात नहीं है।

## चाकू मारकर लूट करने वाले पकड़ाए

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत अनवरगंज तिराहे पर गुरूवार सुबह जोमैटो डिलीवरी बॉय को रोककर चाकू मारकर नगद, मोबाइल लूटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि शैलेष नोरिया निवासी मदार टेकरी गेट का जोमैटो में फूड डिलीवरी का काम करता है। गुरुवार तड़के सुबह लगभग 4 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल एमपी 49 जेड डी 6516 से कोतवाली क्षेत्र में आयुष नामक ग्राहक को खाना डिलीवर कर वापस लौट रहा था। अनवरगंज तिराहे के पास तीन लड़कों ने उसकी बाइक रोक ली थी। इसके बाद जेब में हाथ डालकर 800 नगद, मोबाइल और पर्स छीन लिया था। इसके बाद चाकू मारकर आरोपी भाग गए थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर बस स्टॉप के पास घेराबंदी कर शिवम पूर्व शुभम सोनकर पिता कल्लू सोनकर 30 वर्ष, देवराज उर्फपिल्ला सोनकर पिता मुन्ना लाल सोनकर 23 वर्ष दोनों निवासी खाई मोहल्ला हनुमानताल को दबोचा। जिन्होंने साथी देवराज सोनकर के साथ मिलकर लूट करना कबूला। लूटे गए रूपयों में से नगद 400 रूपये की शराब पी लेना, शेष 400 रूपये बचना बताया। दोनों आरोपियो के कब्जे से छीना हुआ मोबाईल कीमती 14 हजार रूपये एवं छीने हुये रूपयो में से बचे शेष 400 रूपये जप्त किए गए। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया गया। पकडे गये आरोपी शिवम उर्फशुभम के खिलाफ पूर्व से मारपीट के 5 अपराध, देवराज सोनकर उर्फ पिल्ला के मारपीट के 3 अपराध दर्ज है।

# चोरी एंगल पर तफ्तीश, कातिल का सुराग नहीं

पुष्पा हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**जबलपुर, नवभारत।** रांझी थाना अंतर्गत हनुमान नगर अन्ना बाबा के पीछे बड़ा पत्थर में 75 वर्षीय महिला पुष्पा शर्मा की हुई नृशंस हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई हैं लेकिन अब तक पुलिस के हाथ ऐसा कोई सुराग नहीं लगा है जिसके सहारे आरोपित तक पहुंचा जा सके। मामले की पुलिस चोरी के एंगल पर भी तफ्तीश कर रही है पुलिस को शक है कि संभवत: कोई चोरी के इरादे से घर में घुसा था। वृद्धा की नींद खुल गई थी और आरोपी परिचित का होगा जिसे उसने पहचान लिया था इसके लिए आरोपित ने उसे मौत के घाट उतारा है।

विदित हो कि सुनील शर्मा 55 वर्ष निवासी हनुमान नगर अन्ना बाबा के पीछे बड़ा पत्थर का किशन होटल के पास जनरल स्टोर्स की दुकान चलाता है उसके घर के बाजू में उसकी बड़ी बहन पुष्पा शर्मा 75 वर्ष निवासी हनुमान नगर अन्ना बाबा के पीछे बड़ा पत्थर की रहती थीं। 26 मई की रात लगभग 8 बजे अपने घर सोने के लिये चली गयीं थीं, 27 मई की रात लगभग 9 बजे तक घर के बाहर नहीं आयी तो सुनील शर्मा अपने दोस्तों के साथ बहन के घर पहुंचा था। घर के बाहर बाउण्ड्री के गेट अंदर से बंद था बाउण्ड्री के उपर से सभी अंदर आंगन में आये कमरे के गेट का एक पल्ला खुला हुआ था। कमरे में फर्श व दीवाल पर खून के निशान व खून के घसीटने के निशान बने थे। मुख्य गेट पर कपड़े गाउन चादर एक जोड़ी चप्पल दरवाजे के पास पड़ी थी सभी लोग खून के घसीटने के निशान को देखते हुये आंगन में कुएं तरफ गये देखा तो पुष्पा शर्मा का शव कुएं के अंदर पानी में उतरा रहा था जिसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि हत्या किसने की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है कुछ क्लू जरूर मिले है। संदेहियों को चिन्हित किया जा रहा है। अब तक की जांच में मामला चोरी का लग रहा है। संभवत: चोरी के इरादे से आरोपी पहुंचा जिसे मृतिका ने पहचान लिया था जिसके चलते उसने हत्या कर दी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।



## जीएसटी कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में कार्यालय आयुक्त केंद्रीय जीएसटी जबलपुर में थैलेसीमिया, सिकल सेल और जरूरतमंदों के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया और जिला चिकित्सालय जबलपुर की टीम द्वारा कुल 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मानवीय कार्य और शिविर को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय से डॉ. अमिताश भल्ला, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग, प्रशासनिक अधिकारी इंद्रजीत कुमार और उनके स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## नकली धान बीज की पैकिंग करने पर दो विक्रेताओं पर एफआईआर

**जबलपुर।** धान की कनक क्रांति गोल्ड और एमटीयू-1010 किस्म के बीज की नकली पैकिंग करने पर दो बीज विक्रेताओं के खिलाफ पनागर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार दिवरी खुर्द, पनागर स्थित आनंद ज्योति प्रिंटिंग प्रेस में कृषि अधिकारियों ने छापेमारी की। जिसमें धान की किस्म कनक क्रांति गोल्ड और एमटीयू-1010 की अवैध एवं नकली पैकिंग करते पाया गया था। जांच में पाया गया कि कनक एग्रो सीड्स तेलंगाना के संचालक राजेश कुमार मौर्य और सम्यक सीड्स जबलपुर के संचालक अनिल जैन मिलकर नकली बीज की पैकिंग कर रहे थे। अनिल जैन द्वारा असाटी वेयर हाउस मटियाकुई में अन्य अनाज को धान की किस्म एमटीयू-1010 के नाम से गलत तरीके से पैक किया जा रहा था। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने बताया कि इस मामले में बीज निरीक्षक पंकज शर्मा द्वारा पनागर थाने में दोनों आरोपियों राजेश कुमार मौर्य और अनिल जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## नाबालिग को चकमा देकर बाइक, मोबाइल ले उड़े बदमाश

लिफ्ट के बहाने लूट

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत चुंगी नाका में देर रात लिफ्ट मांगने के बहाने शातिर बदमाश ने पहले किशोर को बातों में फंसाया, फिर खुद बाइक चलाकर सुनसान जगह ले गया और बाइक, मोबाइल लेकर फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक, कठौंदा पुरानी बस्ती निवासी 16 वर्षीय ऋषि मलिक के पिता 28 मई को एक इनोवा कार छोड़ने भोपाल गए थे। देर रात जब वे बस से जबलपुर वापस लौटे, तो उन्होंने बेटे ऋषि को फोन कर चुंगी नाका बुलाया। ऋषि अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एमपी 20 जेड वाय



9088 लेकर रात करीब 12:30 बजे चुंगी नाका पहुंच गया। चुंगी नाका पर पहले से एक अज्ञात लड़का खड़ा था। उसने ऋषि को रोका और स्टार सिटी तक छोड़ने के लिए लिफ्ट मांगी। ऋषि ने जब कहा कि वह रात में अच्छे से गाड़ी नहीं चला पाता है, तो बदमाश ने कहा तुम पीछे बैठ जाओ, मोटरसाइकिल मैं चला लेता हूं। ऋषि उसकी बातों में आ गया और हैंडल बदमाश को सौंपकर खुद पीछे बैठ गया। जैसे ही वे स्टार सिटी कॉलोनी के गेट के पास पहुंचे, आरोपी ने बाथरूम करने के बहाने बाइक रोकी। गाड़ी रुकते ही उसने अचानक ऋषि पर हमला कर दिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने ऋषि की जेब से मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जोरदार धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद आरोपी उसी की मोटरसाइकिल, मोबाइल लेकर कटंगी बायपास की तरफ रफूचक्कर हो गया। हमले में ऋषि के गाल, कंधे और कमर में चोटें आई हैं।

### एक नजर में

## बम्हनी पुलिस की दोहरी स्ट्राइक : भारी मात्रा में मदिरा के साथ दबोचे गए तस्कर

**मंडला/बम्हनी।** मंडला जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बम्हनी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी व देशी शराब, दो स्कूटी और मोबाइल जप्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 मई को मुखबिर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक एक्टिवा स्कूटी में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर बम्हनी पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। मौके पर पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें धर दबोचा। बताया गया कि आरोपियों में कन्हैया उर्फ रवि सिरसम पिता तीरथ सिरसम, निवासी अंजनिया, थाना बम्हनी, जिला मंडला, अंकित कछवाहा पिता सुरेंद्र कछवाहा, निवासी सुभाष वार्ड, कृषि मंडी के पीछे, मंडला और इस मामले में एक अन्य आरोपी सोरभ नंदा निवासी कैकेरा, थाना बम्हनी की संलिप्तता भी पाई गई है, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से कुल 228 पाव अवैध अंग्रेजी शराब कीमत 84,928 और तस्करी में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा स्कूटी कीमत 80 हजार जप्त की गई है।

**चित्राही चंद्रपुरा मार्ग पर स्कूटी सवार से शराब बरामद-** इसी क्रम में पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की, जब चित्राही चंद्रपुरा से बम्हनी की ओर आ रहे एक स्कूटी सवार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 53.700 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी अमित मसराम पिता महेश मसराम, निवासी पड़ाव, मंडला को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में 53,288 कीमत की शराब, एक एक्टिवा स्कूटी कीमत 40 हजार और 10 हजार मूल्य का 01 नग मोबाइल फोन जप्त किया गया। इस प्रकरण में कुल मसरूका 1,03,288 आंका गया है।

**2.68 लाख से अधिक का मशरूका जप्त-** बम्हनी पुलिस ने दोनों आबकारी मामलों को मिलाकर कुल दो लाख अड़सठ हजार दो सौ सोलह रुपये का मशरूका जप्त किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। अवैध शराब के इस नेटवर्क को ध्वस्त करने में बम्हनी थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ का विशेष और सराहनीय योगदान रहा।

## मारुति से 44 हजार की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**मोहगांव।** मंडला जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी निवास पी.एस. वालरे के मार्गदर्शन में थाना मोहगांव पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध शराब के परिवहन का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और मौके से भारी मात्रा में मदिरा व एक कार जप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के माध्यम से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम हर्राटिकुर निवासी राजेश यादव के घर के पास खड़ी एक मारुति सुजुकी कार क्रमांक सीजी 09-2301 में भारी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए मोहगांव पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर वाहन के पास खड़े दो व्यक्ति खेतों की ओर भागने लगे। मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने पीछा करके एक आरोपी को धर दबोचा, जबकि दूसरा आरोपी खेतों और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

**मामले में तीन आरोपी नामजद, एक गिरफ्तार-** शराब तस्करी के इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों में राकेश कुमार झारिया पिता प्रेमकुमार झारिया, 35 वर्ष, निवासी देवगांव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं राजेश यादव पिता अमरसिंह यादव, निवासी हर्राटिकुर फरार है और दीपक शराब दुकान नारायणगंज, थाना टिकरिया का संलिप्तता मिली है। आरोपियों के विरुद्ध थाना मोहगांव में आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है और फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।




## शराब से भरी कार अनियंत्रित होकर पलटी, तस्कर घायल

**जबलपुर, नवभारत।** पाटन थाना अंतर्गत सहसन के पास शराब से भरी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तस्कर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार, से ढुल रही शराब पकड़ी। इसके साथ ही आरोपी को रंगे हाथों धरदबोचा।

टीआई गोपिन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि सूचना मिली कि सहसन के पास पाटन शहपुरा मेन रोड पर एक वेन्यू गाडी का चालक अपनी गाडी को तेज रफ्तार में चल रहा था तेजी से चलाने के कारण अनियंत्रित हो कार पलट गयी है। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस को वेन्यू कार एमपी 20 सीजे 9434 सड़क के नीचे पलटी हुई मिली, गाडी के पास शराब के पाव बिखरे पडे थे जिन्हें हिमांशु रजक 29 वर्ष निवासी कुचबंधिया मोहल्ला घमापुर का भर रहा था। पूछताछ करने पर उक्त गाडी चलाकर अवैध शराब का परिवहन करना स्वीकार किया, हिमांशू को सड़क दुघटना के कारण चोटें आ गयी थी, चैक करने पर गाडी की डिक्की एवं आगे व पीछे की सीटो में कार्टूनों एवं बोरियों में कुल 1050 पाव देशी शराब कीमति 1 लाख 5 हजार रूपये की रखी मिली। आरोपी के कब्जे से 1050 पाव देशी शराब एवं वेन्यू कार एमपी 20 सीजे 9434 कीमती 5 लाख रूपये की जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## विधायक ने मृतक के परिजनों को 20 हजार की तत्कालिक सहायता का दिया संबल

**घुघरी।** विकासखंड घुघरी के ग्राम घोरेघाट निवासी अनिल पड़वार की विगत दिनों हुई दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्याप्त है। इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को सांत्वना देने और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करने क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे। विधायक पट्टा ने पीड़ित परिवार के सदस्य संदीप पड़वार सहित अन्य परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। बताया गया कि शोक मुलाकात के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी फोन के माध्यम से पीड़ित सदस्य संदीप पड़वार से बात की। उन्होंने परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि दुख की इस घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास और संघर्ष करने का भरोसा दिलाया।

## शराबखोरी करने से रोका तो बौखलाए बदमाशों ने मारी तलवार

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत एकता चौक में शराबखोरी करने रोकने पर बौखलाएं बदमाशों ने तलवार से हमला कर दो युवकों को घायल कर दिया।

पुलिस के मुताबिक आशीष शुक्ला 30 वर्ष निवासी एकता चौक गंगासागर मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फर्नीचर का काम करता है। बीती रात वह एवं उसके दोस्त शिवा यादव, जित्तू यादव एकता चौक में बैठे थे वहीं पर आशीष दाहिया अपने साथियों के साथ मिला तो शिवा यादव ने आशीष से कहा कि खेरमाई मंदिर के पास तुम लोग शराब खोरी करते हो अब दोबारा ऐसा नहीं करना इतना कहकर घर के गेट के पास आ गए थे रात लगभग 1-50 बजे रब्बी उर्फरवि केवट, मुकेश भलावी हाथ में तलवार लिये आशीष दाहिया के साथ आये और विवाद कर बोले कि बहुत बड़े गुण्डे बनते हो सभी




घर के अंदर घुस आये रब्बी उर्फ रवि केवट ने शिवा यादव की हत्या करने की नियत से तलवार से गर्दन पर वार किया शिवा यादव झुक गया जिससे कान और गाल कट गया, आशीष दाहिया चाकू से शिवा यादव को मारा जिससे दाहिने हाथ की उंगली कट गई मुकेश भलावी तलवार से जित्तू यादव के सिर में मारा। इसके बाद शिवा यादव पर वार किए। आकाश केवट और राज पटेल भी आकर उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे तथा जित्तू को जमीन पर लिटा कर मारपीट करने लगे। इसके बाद सभी भाग गए।

हादसा

थाना प्रभारी बाल-बाल बचे, बाजार आई महिला की मौत, बिछिया के बंजारी घाट पर एक के बाद एक दो हादसे, लगा लंबा जाम

# अनियंत्रित ट्राला ने पुलिस की गाड़ी को मारी टक्कर






**भुआ बिछिया, नवभारत।** नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंजारी घाट के नीचे शुक्रवार साप्ताहिक बाजार के दौरान एक के बाद एक हुए दो भीषण हादसों से नेशनल हाईवे-30 पर हड़कंप मच गया।

इस दर्दनाक घटना में बाजार आई एक महिला की मौत हो गई, जबकि बिछिया थाना प्रभारी बाल-बाल बच गए।

### टक्कर के बाद मची भगदड़

पुलिस टीम जब जाम खुलवा रही थी, इसी दौरान बंजारी घाट से नीचे उतर रहा एक अन्य तेज रफ्तार ट्राला जो रायपुर से जबलपुर जा रहा था, उसका अचानक ब्रेक और स्टेयरिंग फेल हो गया। अनियंत्रित ट्राला ने मौके पर खड़ी पुलिस प्रशासन की शासकीय गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम समय रहते दूर हट गए और बाल-बाल बच गए। इसके बाद भी ट्राला नहीं रुका और साप्ताहिक बाजार में आई एक महिला प्रेमवती पति बुधराम यादव, 55 वर्ष, निवासी कांसखेड़ा को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत स्थिति को संभाला और गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लोगों ने की सुरक्षा की मांग

हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग सुचारू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने बेकाबू रफ्तार पर अंकुश लगाने और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### सरिया से भरा ट्रक पलटने से लगा जाम

जानकारी अनुसार पहला हादसा उस समय हुआ जब रायपुर से जबलपुर की ओर लोहे की सरिया लेकर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। ट्रक पलटने से उसमें लदी भारी सरिया नेशनल हाईवे पर बिखर गई, जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सूझबूझ से यातायात व्यवस्था बहाल कराने में जुट गए।